## महत्वपूर्ण एवं खास

### नक्सल प्रभावित गैंदाटोला क्षेत्र के 24 ग्रामों के ग्रामीणों का हुआ आंखों की जांच

**राजनांदगांव-रायपुर (आरएनएस)।** दिनांक 02.10.2024 को दीपक कुमार झा, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राजनांदगांव के निर्देशन एवं मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मार्ग दर्शन में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत घोर नक्सल प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों के ऑखों के परीक्षण हेतु उद्याचल चेरिटेबल, आई केयर हास्पिटल राजनांदगांव में शिविर का आयोजन कराया गया। उपरोक्त शिविर में थाना गैंदाटोला के घोर नक्सल प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा ऑखों का परिक्षण कराया गया, जिसमें से 24 ग्रामीणों के ऑखों में मोतियाबिन्द की पहचान कर 19 ग्रामीणों के ऑखों का सफल ऑपरेशन कराया गया तथा 05 ग्रामीणों का जिसमें 01 के ऑखो मे मवाद होने से, 02 को बी.पी. बढ़ने एवं 02 का शुगर हाई होने के कारण 01 हफ्ते बाद ऑपरेशन के लिये पुन: उद्याचल चेरिटेबल, आई केयर हास्पिटल राजनांदगांव में बुलाया गया है। इस प्रकार का शिविर भी आगे लगाया जाकर ग्रामीणों का ईलाज जारी रहेगा। सिविक एक्शन प्लान के तहत किये गये इस प्रयास से आम नागरिकों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा तथा आम जनता का नक्सलियों को सहयोग न मिल सके और नक्सलियों के हौसले पस्त हो। इस शिविर में दीपक कुमार झा, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राजनांदगांव, मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, उद्याचल चेरिटेबल, आई केयर हास्पिटल राजनांदगांव के ट्रस्टी डॉ0 पुखराज बाफना, उत्तम चन्द जैन, अक्ष्यक्ष राजेन्द्र बाफना, उपाध्यक्ष बृजकिशोर जी सुरजन, कोषाध्यक्ष अशोक मोदी, सचिव अतुल रायचा, ट्रस्टी विनेश चोपड़ा, एवं लोकेश कुमार कसेर, रक्षित निरीक्षक, रक्षित केन्द्र राजनांदगांव व उद्याचल चेरिटेबल, आई केयर हास्पिटल राजनांदगांव के अन्य डॉक्टर व नर्स उपस्थित थे।

### झोलछाप डॉक्टर के इंजेक्शन लगाने के बाद युवक की मौत

**भिलाई-रायपुर (आरएनएस)।** डॉक्टर को लोग भगवान का दर्जा देकर उसे इलाज पर आंखमूंद कर विश्वास कर लेते हैं, लेकिन कुछ लोग डॉक्टर बनकर लोगों की जान से खिलवाड़ करते हैं। ऐसा ही एक मामला आज हथखोज में सामने आया, जहां एक झोलछाप डॉक्टर के इलाज की वजह से एक युवक की मौत हो गई। यह घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र के हथखोज की है। जहां 23 साल के जितेन्द्र पांडेय को उल्टी दस्त की शिकायत थी। जिसके बाद परिजनों ने मोहल्ले के तथाकथित डॉक्टर सत्येन शर्मा ने उसे लगातार तीन इंजेक्शन लगाया और चंद मिनट में जितेन्द्र की तबियत बिगडऩे लगी और वह बेहोश हो गया। जिसके बाद घरवाले आनन-फानन में सुपेला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घरवालों ने बताया कि सत्येन शर्मा कई सालों से मोह्लेल में प्रेक्टिस कर रहा है। इधर बेटे की मौत के बाद घरवालों का बुरा हाल है। बहन निधि पांडेय ने बताया कि सुबह उसका भाई गाड़ी चलाता था और कल एक दिन के लिए ही घऱ् आया था, और उसे उल्टी दस्त हो रहे थे,लेकिन सुबह तक वह सही सलामत था बस कमजोरी थी , इसलिए घर पर उसे जूस और नारियल पानी भी पिलाया था, लेकिन इंजेक्शन लगने के बाद उसकी तबियत तुरंत बिगड़ गई। इस पूरे मामले को लेकर अस्पताल में कुछ लोगों ने जब डॉक्टर से फोन पर उसकी डिग्री और अस्पताल के बारे में पूछा तो उसने बिना डिग्री के ही प्रेक्टिस की बात कही। फिलहाल पुलिस ने उस झोलाछाप डॉक्टर की तलाश शुरू कर दी है।

# कार्यालय सहित अपने आस-पास में रखें स्वच्छता का ध्यान -कलेक्टर

- गांधी जयंती पर कलेक्टोरेट परिसर में किया गया सफाई कार्य, दिया स्वच्छता का संदेश
- जिले भर आयोजित हुआ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

**रायगढ़**

गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आज स्वच्छ भारत दिवस के तहत कलेक्टोरेट परिसर सहित जिले भर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीएम संतन देवी जांगड़े भी उपस्थित रही।

गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्टर गोयल ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित महात्मा गांधी प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित की। कलेक्टर गोयल ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छ एवं विकसित राष्ट्र की कल्पना की थी। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कार्यालय में साफ.-सफाई बनाए रखने एवं प्लास्टिक के उपयोग से बचने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जब भी कोई व्यक्ति आपके सामने गंदगी करते दिखे तो उन्हे गंदगी करने से रोकें। हमारा कर्तव्य बनता है कि हम स्वच्छता को आत्मसात करें।

कलेक्टर गोयल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने एक विकसित देश की कल्पना की थी, हमारा कर्तव्य बनता है कि हम गंदगी को दूर कर देश की सेवा करे। इसके लिए हम हर सप्ताह दो घंटे श्रम दान करें। अपने आस-पास को स्वच्छ रखें और लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।



स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पूरे कलेक्टोरेट परिसर में झाड़ू लगाकर साफ -सफाई किया गया साथ ही अनावश्यक रूप से बढ़े पौधों की छटाई का कार्य भी किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम, डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में शामिल होकर अपना श्रम दान किया।

**जिले भर में आयोजित हुआ स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा**

स्वच्छ भारत दिवस के तहत जिले भर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में तहसील कार्यालय रायगढ़ में स्वच्छता हेतु श्रमदान कर स्वच्छता की शपथ ली गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा कार्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा के द्वारा तहसील के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वच्छता एवं मतदान की शपथ दिलाई गई। जनपद पंचायत खरसिया एवं तमनार में अधिकारी-कर्मचारियों ने श्रमदान कर स्वच्छता की शपथ ली। इसी प्रकार कार्यालय श्रमायुक्त, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायगढ़ द्वारा परिसर में साफ -सफाई कर स्वच्छता की शपथ ली गई। एसडीएम खरसिया के नेतृत्व में शहर के कार्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इसी तरह जिले के अन्य विभागीय कार्यालय सहित ग्राम पंचायत स्तर पर भी स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर पुलिस कर्मियों ने किया श्रमदान, ली स्वच्छता शपथ

**रायगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 155वीं जयंती के अवसर पर देश में "स्वच्छ भारत दिवस-स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा मनाया जा रहा है। राष्ट्रपिता की जयंती के साथ ही आज भारत के दूसरे प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती है, जिन्होंने "जय जवान जय किसान" का अमर नारा देशवासियों को दिया गया है। "स्वच्छ भारत दिवस" के तहत पुलिस कार्यालय, थाना, चौकिया में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए राष्ट्रपिता बापू के स्वच्छता और सत्य के संदेश को जीवंत किया। महात्मा गांधी जी ने अपने जीवन में स्वच्छता को अत्यधिक महत्व दिया था और उनका मानना था कि "स्वच्छता स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है।" इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए जिला पुलिस प्रमुख दिव्यांग कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के मार्गदर्शन में आज पुलिस कार्यालय, थाना, चौकियों और रक्षित केंद्र में सभी पुलिस कर्मियों ने श्रमदान किया। पुलिस कार्यालय में एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, उप पुलिस अधीक्षक उत्तम प्रताप सिंह, निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी और अन्य कार्यालय स्टाफ ने मिलकर पुलिस परिसर की सफाई में हिस्सा लिया। पुलिस कर्मियों के श्रमदान के पश्चात एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने सभी उपस्थित पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई और महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पालन करते हुए स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की, जिसमें यह संकल्प लिया गया कि वे न केवल अपने कार्यस्थल को स्वच्छ रखेंगे, बल्कि समाज में स्वच्छता के महत्व को भी प्रसारित करेंगे।

**सभी थानों में स्वच्छता अभियान:** स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर केवल पुलिस कार्यालय ही नहीं, बल्कि सभी थाना, चौकियों में भी पुलिस कर्मियों ने श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश दिया। थाना, चौकी प्रभारी के साथ पुलिसकर्मी ने बड़े उत्साह से श्रमदान में हिस्सा लिया गया।

## सट्टा लिखते युवक को पुलिस ने पकड़ा: सट्टा पर्ची, नगदी और मोबाइल जब्त

**रायगढ़**

खरसिया पुलिस ने सट्टा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को सट्टा लिखते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई थाना प्रभारी खरसिया, निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में की गई, जब वह अपने हमराह स्टाफ के साथ टाउन पेट्रोलिंग पर थे।




01 अक्टूबर 2024 को जवाहर नगर खरसिया स्थित एक ATM के पास युवक के सट्टा लिखने की सूचना मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर रेड की और आरोपी को पकड़ा। आरोपी की पहचान रवि साहू (पिता जगतु राम, उम्र 35 वर्ष, निवासी पठान पारा खरसिया) के रूप में की गई।

पुलिस ने आरोपी के पास से सट्टा के लिए इस्तेमाल की जा रही सामग्री जब्त की, जिसमें सट्टा नंबर लिखी पट्टी-पर्ची, एक पेन, एक एयरटेल सिम लगा रेडमी टच स्क्रीन मोबाइल फोन(रु.10,000) , और नगदी 1,010 रुपये शामिल हैं।

आरोपी रवि साहू के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

इस रेड में सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर, आरक्षक विशोप सिंह, योगेश कुमार साहू और सत्य नारायण सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अवैध शराब परिवहन पर चक्रधरनगर पुलिस की बड़ी कार्यवाई: 9 लाख की शराब और वाहन जब्त

**रायगढ़**

02 अक्टूबर के शुष्क दिवस को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन पर बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना चक्रधरनगर के प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव आहेर ने अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की।




01 अक्टूबर 2024 की शाम थाना प्रभारी चक्रधरनगर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति वैन्यू कार (CG 13 AN 6101) में अवैध अंग्रेजी शराब लेकर एकताल रोड से मेडिकल कॉलेज रायगढ़ की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी ने मुख्य मार्ग पर नाकेबंदी के निर्देश दिए और स्वयं पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एमसीएच अस्पताल के आगे मेन रोड पर वैन्यू कार को रोका गया।

वाहन चालक ने अपना नाम विवेक महंत (पिता स्व. बाबा दास महंत, उम्र 25 वर्ष, निवासी रेलवे बंगलापारा, दशरथ पान ठेला, थाना सिटी कोतवाली, जिला रायगढ़) बताया। पुलिस टीम ने गवाहों के समक्ष वाहन की तलाशी ली, जिसमें खाकी रंग के 03 कार्टूनों में 96 पाव MC DOWELLS NO: 01 अंग्रेजी शराब और 12 बोतल KINGFISHER STRONG BEER (जिस पर 'FOR SALE IN ODISHA ONLY' लिखा हुआ) बरामद की गई।

पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी विवेक महंत अवैध रूप से शराब की बिक्री के लिए इसे परिवहन कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 25.08 लीटर शराब (कुल मूल्य 19,080 रुपये) और वैन्यू कार (कीमत लगभग 9 लाख रुपये) जब्त की। इस तरह कुल रु.9,19,080 की सामग्री जब्त की गई है।

आरोपी विवेक महंत के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में अपराध क्रमांक 464/2024 के तहत धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, प्रधान आरक्षक श्यामदेव साहू, आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे और मिनकेतन पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दुर्गा पूजा समितियों की बैठक में सुरक्षा के विशेष निर्देश : पुलिस की सख्त होगी निगरानी

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में थाना कोतरारोड़ के प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा आज दुर्गा पूजा आयोजन समितियों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कोतरारोड़ थाना परिसर में आयोजित हुई, जिसमें थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी ने सभी दुर्गा पूजा आयोजन समितियों को सुरक्षा और कानून व्यवस्था से जुड़े दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पेट्रोलिंग टीमें 24x7 सतर्क रहेंगी और हर समय अपने निर्धारित क्षेत्रों में भ्रमण पर रहेंगी। किसी भी अप्रिय घटना, दुर्घटना या कानून-व्यवस्था से संबंधित समस्या पर पुलिस त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

इस बैठक में, थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी ने पुलिस कंट्रोल रूम में हुई एडिशनल एसपी आकाश मरकाम की अध्यक्षता वाली बैठक के निर्देशों को पुनः प्रस्तुत किया। इसमें दुर्गा पूजा पंडालों में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए इन प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया गया:

1. बिजली के तारों की सुरक्षा: पंडालों में बिजली के तारों का उचित निरीक्षण और सुरक्षित तरीके से कनेक्शन का प्रबंध करने का निर्देश दिया गया।

2. यातायात व्यवस्था: त्योहार के दौरान यातायात की सुगमता बनाए रखने के लिए समितियों को सहयोग करने और पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

3. ध्वनि सीमा का पालन: पंडालों में साउंड सिस्टम के उपयोग को निर्धारित ध्वनिसीमा के भीतर रखने का सख्त निर्देश दिया गया।

4. पुलिस मित्र की नियुक्ति: प्रत्येक समिति को पुलिस मित्रों की नियुक्ति करने को कहा गया ताकि पुलिस को भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा में सहयोग मिल सके।

5. CCTV कैमरे: भीड़भाड़ वाले स्थानों पर CCTV कैमरे लगाने पर चर्चा की गई ताकि सुरक्षा निगरानी बेहतर की जा सके।

6. प्रथम उपचार व्यवस्था: सभी पंडालों में आपातकालीन मेडिकल किट और प्राथमिक उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी ने सभी समितियों से अपील की कि वे प्रशासन व पुलिस के साथ मिलकर शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व का आयोजन करें। पुलिस द्वारा पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जाएगी।

## अवैध शराब पर पूंजीपथरा पुलिस का छापा: 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**

पूंजीपथरा पुलिस ने अवैध शराब निर्माण और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में की गई, जब उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गुडगुड में एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब बना रहा है।




मुखबिर की सूचना के अनुसार, श्रवण कुमार धनवार (उम्र 28 वर्ष, निवासी गुडगुड) अपने खेत के पास जंगल की झाड़ियों में महुआ शराब बना रहा था और उसे बेचने के लिए घर ले जा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल श्रवण कुमार के खेत के पास पहुंचकर उसे पकड़ लिया। श्रवण कुमार उस समय प्लास्टिक के थैले में 05-05 लीटर की दो प्लास्टिक डिब्बा में महुआ शराब लेकर जा रहा था।

पुलिस ने श्रवण कुमार के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब (कीमत रु.1,000) जब्त की और उसके खिलाफ धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक लोमेश राजपूत और उनके हमराह स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूंजीपथरा पुलिस अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ निरंतर कार्रवाई करती रहेगी।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1165.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर । आरएनएस**

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1165.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 02 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2377.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।



राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 634.5 मिमी, सूरजपुर में 1160.8 मिमी, बलरामपुर में 1731.2 मिमी, जशपुर में 1064.1 मिमी, कोरिया में 1127.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1088.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 955.0 मिमी, बलौदाबाजार में 1188.3 मिमी, गरियाबंद में 1099.9 मिमी, महासमुंद में 969.6 मिमी, धमतरी में 1035.5 मिमी, बिलासपुर में 996.0 मिमी, मुंगेली में 1115.5 मिमी, रायगढ़ में 1109.2 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1223.4 मिमी, सक्ती 1062.0 मिमी, कोरबा में 1418.9 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1207.5 मिमी, दुर्ग में 655.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 922.6 मिमी, राजनांदगांव में 1128.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1239.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 856.6 मिमी, बालोद में 1199.6 मिमी, बस्तर में 1269.9 मिमी, कोण्डागांव में 1206.0 मिमी, कांकेर में 1422.5 मिमी, नारायणपुर में 1464 मिमी, दंतेवाड़ा में 1520.6 मिमी और सुकमा जिले में 1673.3 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में भालुमार में आयोजित हुई विशेष ग्राम सभा

- राशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप आयोजित करने के दिए निर्देश
- कलेक्टर ने पीएम आवास के हितग्राहियों को नवीन स्वीकृति आदेश एवं अभिनंदन पत्र सौंपा
- कलेक्टर एवं एसपी ने ग्रामीणों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में विकास खंड घरघोड़ा के ग्राम-भालुमार में आज विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर गोयल ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल उपस्थित रहे।



ग्रामसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में ग्राम सभा की कार्यवाही प्रारंभ की गई। पंचायत सचिव द्वारा ग्राम सभा के एजेंडा बिंदुओं को उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। कलेक्टर गोयल ने ग्रामीणों से राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन राशि, सुकन्या समृद्धि योजना, गर्भवती माताओं के लिए मिलने वाली पोषण आहार की राशि के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने जनपद सीईओ को ग्राम में राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर को माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती सुमन अग्निहोत्री के 2021 से अनुपस्थित होने की जानकारी दी। जिस पर उन्होंने विकास खंड शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा ग्राम में सड़कए स्कूल भवनए आंगनवाड़ी भवन की मांग की।

इस दौरान एसडीएम घरघोड़ा रमेश कुमार मोर, एडिशनल सीईओ जिला पंचायत एन.आर. पटेल, जनपद सीईओ घरघोड़ा विरेन्द्र कुमार राय सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामसभा भालूमार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

**कलेक्टर एवं एसपी ने ग्रामीणों को दिलाई स्वच्छता की शपथ**

गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य बनता है कि हम गंदगी को दूर कर देश की सेवा करें। इसके लिए हम हर सप्ताह दो घंटे श्रम दान करें। अपने आस-पास को स्वच्छ रखें और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली।

**कलेक्टर ने पीएम आवास के हितग्राहियों को नवीन स्वीकृति आदेश एवं अभिनंदन पत्र सौंपा**

घरघोड़ा के ग्राम-भालुमार में आयोजित विशेष ग्राम सभा के दौरान कलेक्टर गोयल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के वर्ष 2024-25 के नवीन स्वीकृति प्राप्त 50 हितग्राही को स्वीकृति आदेश एवं 5 हितग्राही जो आवास निर्माण पूर्ण कर चुके हैं उनको अभिनंदन पत्र प्रदाय किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480